>

Title: Need to construct the proposed new railway line between Ramganjmandi and Ujjain via Jhalawar.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा इस वर्ष संसद के बजट सत्र के प्रारंभ में दिए गए अपने भाषण में इस बात का उल्लेख किया गया था कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में नई रेलवे लाईन बिछाने हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। रेल मंत्री जी द्वारा भी अपने रेलवे बजट भाषण 2010 में भी उन्होंने इस बात का जोर देकर उल्लेख किया था कि बिना लाभ-हानि के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े इलाकों में भी नई रेलवे लाइन बिछाई जायेंगी। मेरा सम्पूर्ण लोक सभा क्षेत्र अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। यहां विगत वर्षों में एक नई रेलवे लाईन बिछाने का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह रेल लाइन है - रामगंजमंडी से उज्जैन वाया झालावाड़, आगर। 850 करोड़ की यह महती योजना आज भी लंबित है। इस रेल लाइन को बिछाने का कार्य चालू नहीं किया जा रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस नई रेलवे लाइन बिछाने का कार्य अविलंब किया जाये।